भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †2718
उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

खेल विश्वविद्यालय की स्थापना और प्रशिक्षकों की कमी

†2718. श्री वीरेन्द्र सिंहः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) किन-किन राज्यों में खेल विश्वविद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं और क्या उत्तर प्रदेश के किसी जिले, विशेषकर चंदौली, के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या खेल प्रशिक्षकों की भारी कमी के कारण कई ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रशिक्षण बाधित हो रहा है और यदि हां, तो खेल प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सरकार की रणनीति और योजना का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ग्रामीण भारत में खेल प्रतिभाओं के विकास में आने वाली प्रमुख बाधाओं का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने चंदौली जैसे जनजातीय बहुल पहाड़ी क्षेत्रों में खेल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, इम्फाल, केंद्रीय सरकार द्वारा खेल शिक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित एकमात्र खेल विश्वविद्यालय है। वर्तमान में, देश के अन्य हिस्सों में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(ख) वर्तमान में, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अंतर्गत 774 कोच कार्यरत हैं। कोचिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए, सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती हेतु सहायक कोच ग्रेड के 323 पदों को अधिसूचित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, 957 पूर्व चैंपियन एथलीटों (पीसीए) को कोच के रूप में जमीनी स्तर पर नियुक्त किया गया है। कोचिंग क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए, इन पीसीए को नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला और अन्य मान्यता प्राप्त केंद्रों में संरचित प्रमाणन प्रशिक्षण दिया जाता है।

(ग) सरकार खेलो इंडिया स्कीम के तहत खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) के माध्यम से जमीनी स्तर पर कोचिंग को सुदृढ़ करके, चयनित खेलो इंडिया एथलीटों को वित्तीय सहायता प्रदान करके और देशभर में खेल अवसंरचना एवं प्रशिक्षण सुविधाओं तक पहुंच बढ़ा कर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को विकसित करने में आने वाली चुनौतियों का समाधान कर रही है।

(घ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में खेलों के संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्रीय सरकार अपनी स्कीमों के माध्यम से राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों में सहायता करती है। वर्तमान में, चंदौली जैसे जनजातीय-बहुल क्षेत्रों में खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****